संघ प्रदेश दमण एवं दीव प्रशासन / U. T. Administration of Daman & Diu
राजभाषा विभाग, फोर्ट एरिया / Rajbhasha Vibhag, Fort Area
मोटी दमण / Moti Daman - 396220.

सं. रा.भा.11(3)/हिन्दी दिवस/खंड-V/2019/ 101

दिनांक :- 20/08/2019.

# प रि प त्र / C I R C U L A R

विषय :- हिन्दी पखवाड़ा एवं हिन्दी दिवस मनाए जाने के बारे में.

संघ प्रदेश दमण स्थित प्रशासन के सभी कार्यालयों, केन्द्रीय सरकारी कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों, निगमों, उपक्रमों तथा शैक्षणिक संस्थानों को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि प्रशासन के राजभाषा विभाग, दमण द्वारा दिनांक 30/08/2019 से 13/09/2019 तक 'हिन्दी पखवाड़ा' और दिनांक 14/09/2019 को 'हिन्दी दिवस' मनाए जाने का निर्णय लिया गया है ।

इस उपलक्ष्य में राजभाषा विभाग, दमण द्वारा विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा । प्रतियोगिताओं की सूची इसके साथ संलग्न है । इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु इच्छुक प्रतियोगी अपना नाम, पदनाम, संपर्क नंबर, विभाग/कार्यालया/विद्यालय/महाविद्यालय का नाम तथा प्रतियोगिता का नाम लिखकर अपना आवेदन दिनांक 28/08/2019 तक सहायक निदेशक, राजभाषा विभाग, फोर्ट एरिया, मोटी दमण-396220 को अवश्य भेज दें ।

सभी कार्यालयाध्यक्षों/प्रधानाचार्यों/प्राचार्यों से अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ कर्मचारियों/विद्यार्थियों/शिक्षकों को उक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करते हुए 'हिन्दी पखवाड़ा-2019' को सफल बनाएं ।

इसे माननीय वित्त सचिव/सचिव (राजभाषा), दमण एवं दीव तथा दादरा एवं नगर हवेली के अनुमोदन पर जारी किया जाता है ।

(डॉ. अनिल कौशिक)
सहायक निदेशक (रा.भा.)

संलग्नक :- उपर्युक्त.

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु :-

1. माननीय प्रशासक के निजी सचिव, सचिवालय, दमण.
2. माननीय प्रशासक के सलाहकार की वैयक्तिक सहायक, सचिवालय, दमण.
3. वित्त सचिव/सचिव (राजभाषा) की वैयक्तिक सहायक, सचिवालय, दमण.
4. समाहर्ता, समाहर्तालय, दमण.
5. प्रशासन के सभी कार्यालयाध्यक्ष, दमण.
6. सभी केन्द्रीय सरकारी कार्यालयों, निगमों, सरकारी उपक्रमों, राष्ट्रीयकृत बैंकों के प्रमुख, दमण.
7. सहायक शिक्षा निदेशक, दमण एवं जिला पंचायत, दमण को इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को दमण स्थित सभी विद्यालयों में व्यापक प्रचार हेतु भिजवाएं ।
8. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी., दमण को इसे सरकारी वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु.
9. कार्यालय प्रति/गार्ड फाइल.

## राजभाषा विभाग, दमण द्वारा हिन्दी पखवाड़ा -2019 के दौरान आयोजित की जानेवाली प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों का विवरण

| क्र. सं. | दिनांक | प्रतियोगिता का नाम | वर्ग | विषय | समय | स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 30/08/2019 (शुक्रवार) | हिन्दी पखवाड़ा, 2019 का उद्घाटन समारोह | | | पूर्वाह्न 10.30 बजे | सचिवालय सभागार, मोटी दमण. |
| | | शब्दावली ज्ञान प्रतियोगिता | कर्मचारी वर्ग | प्रश्न पत्र दिया जाएगा | पूर्वाह्न 11.30 से 12.30 बजे तक | राजभाषा विभाग, दमण. |
| 2. | 03/09/2019 (मंगलवार) | हिन्दी निबंध प्रतियोगिता | क. विद्यार्थी वर्ग<br>1. माध्यमिक स्तर | स्वच्छ भारत अभियान | पूर्वाह्न 11.00 से 12.00 बजे तक | सार्वजनिक विद्यालय, नानी दमण एवं सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मोटी दमण. |
| | | | 2. उच्चतर माध्यमिक स्तर | परीक्षा में सफलता का रहस्य | | |
| | | | 3. महाविद्यालय स्तर | नए भारत की अवधारणा | | |
| 3. | 04/09/2019 (बुधवार) | हिन्दी निबंध प्रतियोगिता | क. अधिकारी वर्ग | जल संरक्षण : समय की मांग | पूर्वाह्न 11.00 से 12.00 बजे तक | राजभाषा विभाग, दमण. |
| | | | ख. कर्मचारी वर्ग | राजभाषा हिन्दी और उसका महत्व | | |
| | | | ग. शिक्षक वर्ग | आजादी के सात दशक : क्या खोया क्या पाया | | |
| 4. | 05/09/2019 (गुरूवार) | हिन्दी टिप्पण व मसौदा लेखन प्रतियोगिता | कर्मचारी वर्ग | प्रश्न पत्र दिया जाएगा | पूर्वाह्न 11.00 से 12.00 बजे तक | राजभाषा विभाग, दमण. |
| 5.. | 06/09/2019 (शुक्रवार) | हिन्दी श्रुत लेखन प्रतियोगिता | विद्यार्थी वर्ग<br>1. माध्यमिक स्तर<br>2. उच्चतर माध्यमिक स्तर | -- | पूर्वाह्न 11.00 से 12.00 बजे तक | सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मोटी दमण. |
| 6. | 09/09/2019 (सोमवार) | हिन्दी श्रुत लेखन प्रतियोगिता | कर्मचारी वर्ग | -- | पूर्वाह्न 11.00 से 12.00 बजे तक | राजभाषा विभाग, दमण. |
| 7. | 10/09/2019 (मंगलवार) | हिन्दी देशभक्ति प्रतियोगिता | क. विद्यार्थी वर्ग<br>1. माध्यमिक स्तर | समूह गान<br>(प्रत्येक समूह में अधिकतम 05 प्रतिभागी) | पूर्वाह्न 8.30 बजे से | सार्वजनिक विद्यालय, नानी दमण |
| | | | 2. उच्चतर माध्यमिक स्तर | | | |
| | | | 3. महाविद्यालय स्तर | | | |
| | | | ख. अधिकारी/कर्मचारी /शिक्षक वर्ग | | | |
| 8. | 11/09/2019 (बुधवार) | वाक् प्रतियोगिता | क. विद्यार्थी वर्ग<br>1. माध्यमिक स्तर | मोबाइल : शिक्षा में सहायक या बाधक | पूर्वाह्न 9.00 बजे से<br>(प्रत्येक प्रतिभागी को बोलने के लिए सिर्फ 05 मिनट का समय दिया जाएगा) | बाल भवन बोर्ड मोटी दमण. |
| | | | 2. उच्चतर माध्यमिक स्तर | मेरे भविष्य के सपने | | |
| | | | ख. कर्मचारी वर्ग | लोकतंत्र का आधार : जागरूक मतदाता | | |
| | | | ग. शिक्षक वर्ग | राष्ट्र-निर्माण और नारी | | |

कृ.पृ.प.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 9. | 12/09/2019 (गुरूवार) | हिन्दी टंकण प्रतियोगिता | कर्मचारी वर्ग | ---------- | पूर्वाह्न 10.30 से 11.30 बजे तक | राजभाषा विभाग, दमण. |
| 10. | 14/09/2019 (शनिवार) | 'हिन्दी दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह - 2019' | | | पूर्वाह्न 10.30 बजे से | सभागार, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मोटी दमण. |

मार्गदर्शन

1. विद्यार्थी वर्ग में माध्यमिक स्तर का तात्पर्य कक्षा 08वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों से है, उच्चतर माध्यमिक स्तर का तात्पर्य कक्षा 11वीं से 12वीं एवं टी.टी.आई. व आई.टी.आई. के विद्यार्थियों से है और महाविद्यालय स्तर का तात्पर्य सरकारी पॉलिटेक्निक, राजकीय महाविद्यालय, पी.टी.सी. कॉलेज तथा बी.एड. कॉलेज के विद्यार्थियों से है ।
2. विद्यार्थियों की सुविधा के लिए हिन्दी निबंध प्रतियोगिता के दो केन्द्र (सार्वजनिक विद्यालय, नानी दमण एवं सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मोटी दमण) बनाए गए हैं । विद्यार्थी अपनी सुविधानुसार दोनों में से किसी एक केन्द्र पर प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं ।
3. देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक समूह में प्रतिभागियों की संख्या 05 से अधिक नहीं होनी चाहिए । एकल गान की अनुमति नहीं होगी । प्रतिभागियों को वाद्ययंत्र बजाने की अनुमति होगी, परंतु वाद्ययंत्रों की व्यवस्था उन्हें स्वयं करनी होगी ।
4. देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में प्रत्येक संस्थान से माध्यमिक स्तर, उच्चतर माध्यमिक स्तर एवं महाविद्यालय स्तर की केवल एक-एक प्रविष्टि ही स्वीकार की जाएगी ।
5. वाक् प्रतियोगिता में प्रत्येक संस्थान से माध्यमिक स्तर, उच्चतर माध्यमिक स्तर एवं महाविद्यालय स्तर के अंतर्गत अधिकतम 2-2 नाम स्वीकार किए जाएंगे ।
6. प्रतिभागियों से अनुरोध है कि वे प्रतियोगिता हेतु निर्धारित समय से 15 मिनट पहले प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचकर अपना-अपना स्थान ग्रहण कर लें ।
7. देशभक्ति गीत एवं वाक् प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा ।
8. विजेता प्रतिभागियों को 14 सितम्बर, 2019 (शनिवार) हिन्दी दिवस के अवसर पर पुरस्कार प्राप्त करने हेतु स्वयं उपस्थित रहना होगा ।
9. प्रतियोगिताओं से संबंधित अधिक जानकारी के लिए सहायक निदेशक (राजभाषा), राजभाषा विभाग, फोर्ट एरिया, मोटी दमण से या दूरभाष सं. 0260-2230467 पर अथवा 8980409287 / 7984174686 पर संपर्क किया जा सकता है ।

(डॉ. अनिल कौशिक)
सहायक निदेशक (रा.भा.)